**Roll No. ...................................**

# E–3294(S)

## B. A. (Part III) Suppl. EXAMINATION, 2021

HINDI LITERATURE

Paper Second

(हिन्दी भाषा साहित्य का इतिहास तथा काव्यांग विवेचन)

*Time : Three Hours* ] [ *Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। यथासम्भव एक प्रश्न के खण्ड एक ही स्थान पर लिखिए।

1. भारतीय आर्य भाषाओं के विकास पर प्रकाश डालिए। 11

अथवा

पूर्वी हिन्दी की प्रमुख बोलियों का परिचय एवं विवरण दीजिए।

2. स्रोत के आधार पर हिन्दी शब्द-समूह का परिचय दीजिए। 11

अथवा

देशज एवं आगत शब्दों से क्या तात्पर्य है ? उदाहरण देकर समझाइए।

3. भक्तिकाल को स्वर्ण युग क्यों कहा जाता है ? सप्रमाण उत्तर दीजिए। 11

अथवा

हिन्दी साहित्य के उत्तर मध्यकाल के नामकरण एवं विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

4. काव्य स्वरूप की चर्चा करते हुए उसके प्रमुख तत्वों का उल्लेख कीजिए। 11

अथवा

अलंकार की परिभाषा देते हुए उनके प्रमुख प्रकारों को उदाहरण सहित समझाइए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 16

(i) काव्य प्रयोजन

(ii) राष्ट्रभाषा

(iii) सम्पर्क भाषा

(iv) समकालीन कविता

(v) आदिकालीन साहित्य

(vi) भारतेन्दु के नाटक

(vii) छायावाद की विशेषताएँ

(viii) चौपाई, कुण्डलियाँ, छन्द

6. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(i) 'भाषा का डिक्टेटर' किस कवि को कहा जाता है ?

(ii) 'मिश्र बंधुओं' के नाम लिखिए।

(iii) 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा जाता है ?

(iv) किस रस को रसराज कहा जाता है ?

(v) भारतीय आत्मा के रूप में कौन कवि जाने जाते हैं ?

(vi) 'मैला आँचल' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

(vii) प्रयोगवाद के प्रवर्तक कवि का नाम लिखिए।

(viii) 'पृथ्वीराज रासो' किसकी रचना है ?

(ix) 'कुकुरमुत्ता' किसकी प्रसिद्ध रचना है ?

(x) 'तारसप्तक' का सम्पादन किसने किया था ?

(xi) 'साकेत' के रचयिता कौन हैं ?

(xii) सूरदास के गुरु कौन थे ?

(xiii) 'रामचरितमानस' किस भाषा में लिखी गई हैं ?

(xiv) कथा सम्राट किसे कहते हैं ?

(xv) 'अंधेरे में' किस कवि की रचना है ?

(xvi) आधुनिक मीरा किस कवयित्री को कहा जाता है ?

(xvii) भारतेन्दु युग का नाम किसके नाम पर पड़ा ?

(xviii) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस पत्रिका का संपादन किया था ?

(xix) 'अंधा युग' किसकी रचना है ?

(xx) "मुदित महीपति मंदिर आए, सेवक सचिव सुमंत्र बुलाए।" में कौन-सा अलंकार है ?